बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-800**
18/11/2026

जनकपुरधाम से अयोध्या कैंट के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री के प्रति जताया आभार

मुख्य बिंदु

- मुख्यमंत्री ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का आभार व्यक्त किया।
- जनकपुरधाम (नेपाल) से अयोध्या कैंट के बीच नई ट्रेन संख्या 15595/15596 के परिचालन को रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह पहल भारत और नेपाल के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के साथ–साथ दोनों देशों के बीच आवागमन को सुगम बनाएगी।
- जनकपुरधाम और अयोध्या भगवान श्रीराम एवं माता जानकी की आस्था से जुड़े दो महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं। इन दोनों के बीच रेल संपर्क स्थापित होने से श्रद्धालुओं एवं आम यात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी।

पटना, 18 नवम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने जनकपुरधाम (नेपाल) से अयोध्या कैंट के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 15595/15596 के परिचालन को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकपुरधाम और अयोध्या का भारत एवं नेपाल के करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत से गहरा संबंध है। जनकपुरधाम तथा अयोध्या विश्व भर में श्रद्धा का केंद्र है। इन दोनों महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के बीच रेल संपर्क स्थापित होने से श्रद्धालुओं एवं आम यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा, इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा दोनों देशों के नागरिकों के बीच संपर्क और संवाद के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश में रेल अवसंरचना का तेजी से विस्तार हो रहा है। बिहार की रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने तथा आम लोगों को आधुनिक एवं सुविधाजनक रेल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में केंद्र सरकार लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

******